पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री ने गाजियाबाद स्थित आवास पर किया जन संवाद, जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन

लखनऊ : **01 जुलाई, 2025**

उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा ने आज प्रातः वसुंधरा स्थित अपने आवास पर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव मंत्री जी के समक्ष रखे।

जन संवाद के दौरान श्री शर्मा ने प्रत्येक व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनी और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र और प्रभावी ढंग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ”जनता से सीधा संवाद ही एक जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी शक्ति है। आपके विश्वास और सहयोग से ही हम मिलकर एक समृद्ध, सुरक्षित और सुव्यवस्थित देश का निर्माण कर सकते हैं।

नागरिकों द्वारा उठाए गए प्रमुख मुद्दों में बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट की खराबी, स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभता, और अन्य स्थानीय समस्याएं शामिल रहीं। मंत्री जी ने हर समस्या पर गंभीरता से विचार करते हुए समाधान हेतु शीघ्र आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

श्री शर्मा ने यह भी कहा कि उनका दरवाजा जनता के लिए सदैव खुला है और क्षेत्र की सेवा के लिए वे हर समय तत्पर हैं। उन्होंने सभी उपस्थित नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार के जन संवाद ही लोकतंत्र की आत्मा हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

---

सम्पर्क सूत्र– अभिषेक सक्सेना

राम यतन/05:10 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in